प्रभात खबर

बिहार : पांच बोरी मोटर पार्ट्स व दवा के नकली रैपर बरामद, वेंडर पकड़ाया

By Prabhat Khabar Digital Desk

Updated Date Tue, Apr 10, 2018, 7:46 AM IST



पटना : एक्सपायरी दवा और नकली मोटर पार्टस की पैकिंग पटना में तेजी से हो रही है. हाल के दिनों में ड्रग कंट्रोलर की छापेमारी में भारी मात्रा में दवाएं बरामद की गयी थी.

अब एसकेपुरी पुलिस ने एक प्रिंटिंग प्रेस का भंडाफोड़ किया है, जहां ब्रांडेड कंपनी के प्रोडक्ट का रैपर प्रिंट हो रहा था. पहले राजापुल पर चेकिंग के दौरान एक वेंडर पकड़ा गया, जो नकली रैपर की सप्लाई करने पंचमुखी मंदिर के पास किसी दुकान में जा रहा था. उसके पास से डुप्लीकेट रैपर बरामद हुआ.

इसके बाद उसकी निशानदेही पर दानापुर में मौजूद राज प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी की गयी है. हालांकि, पुलिस के हत्थे सिर्फ वेंडर ही चढ़ा है, बाकी प्रिंटिंग प्रेस मालिक और जिस मकान में प्रिंटिंग प्रेस था उसका मालिक फरार हैं. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

हीरो मोटर्स, फोर्ड मोटर्स, टोरेंट फार्मा, पीएंडजी कंपनी की ओले क्रीम का पकड़ा गया रैपर : दरअसल एसकेपुरी पुलिस राजापुल पर वाहन चेकिंग कर रही थी. इस दौरान एक ठेले पर बोरे में सामान जा रहा था.

पुलिस ने बोरा चेक किया, तो उसमें से कुछ रैपर बरामद हुए. जिसमें हीरो मोटर्स, फोर्ड मोटर्स, टोरेंट फार्मा का सेलिमक टेबलेट, पीएंडजी कंपनी का ओले क्रीम का रैपर भारी मात्रा में बरामद हुआ. पूछताछ में पता चला कि ठेला चालक वेंडर का काम करता है. उसने अपना नाम छठी राम राय बताया है.

वह दानापुर का है. उसने बताया कि गोला पथ दानापुर में एक राज प्रिंटिंग प्रेस है. प्रेस का मालिक सुनील कुमार है और दिनेश महतो के मकान में प्रिंटिंग प्रेस चलाता है. दोनों मिल कर ब्रांडेड कंपनी के प्रोडक्ट का रैपर प्रिंट करते हैं. इसकी निशानदेही पर एसकेपुरी पुलिस ने दानापुर में राज प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी की. वहां से इसी तरह के और रैपर बरामद हुए. कुल पांच बोरी रैपर मिले हैं. लेकिन, सुनील कुमार और दिनेश महतो भागने में सफल रहे.

छापेमारी जारी : एसकेपुरी पुलिस ने ब्रांड प्रोडेक्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर से मिल कर बरामद रैपर की जांच कराने में जुटी हुई है. इसके अलावा उन अड्डों के बारे में छानबीन की जा रही है, जहां डुप्लीकेट दवा और मोटर पार्ट्स की पैकिंग हो रही हैं. पुलिस ने बोरिंग रोड में पंचमुखी मंदिर के पास उस दुकान की भी तलाश की है, जहां रैपर की सप्लाई होनी थी. हालांकि, वहां पर कोई मिला नहीं है. पुलिस वेंडर से पूछताछ कर रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/patna/1142723